सांध्य दैनिक
आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel
# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
DGR Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com
वर्ष : 11 अंक : 243 | इंदौर, शुक्रवार 20 मार्च, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## पीएम मोदी ने ऊर्जा ठिकानों पर हमलों की निंदा की

- कतर, ओमान, जॉर्डन और फ्रांस के नेताओं से की बात



**नई दिल्ली (एजेंसी)** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कतर, फ्रांस,जॉर्डन,ओमान और मलयेशिया के नेताओं से फोन पर बात की और पश्चिम एशिया संकट पर चर्चा की। प्रधानमंत्री ने ईरान युद्ध में ऊर्जा ठिकानों को निशाना बनाने की भी निंदा की। पश्चिम एशिया युद्ध में अब ऊर्जा ठिकानों पर हमले हो रहे हैं, जिससे पूरी दुनिया में तेल और गैस की कीमतों में इजाफा होने का डर पैदा हो गया है।

### पीएम मोदी ने विभिन्न नेताओं से फोन पर बात की

पांचों देशों के नेताओं से की गई अलग-अलग बातचीत में प्रधानमंत्री मोदी ने पश्चिम एशिया में शांति, सुरक्षा और स्थिरता को जल्द से जल्द बहाल करने के लिए संवाद और कूटनीति की पहल की अपील की। साथ ही वैश्विक ऊर्जा संकट को दूर करने के लिए होर्मुज जलडमरूमध्य में सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करने पर भी चर्चा हुई। कतर के अमीर तमीम बिन हमद अल थानी के साथ हुई बातचीत में पीएम मोदी ने कहा कि भारत, कतर के साथ है और क्षेत्र में ऊर्जा के बुनियादी ढांचों पर हमलों की कड़ी निंदा करता है। पीएम मोदी ने कतर के अमीर को कतर में रहने वाले भारतीय समुदाय की देखभाल और समर्थन के लिए आभार जताया और क्षेत्र में शांति और स्थिरता की कामना की। पीएम मोदी ने कतर के शासक को ईद की अग्रिम शुभकामनाएं भी दीं।

प्रधानमंत्री मोदी ने जॉर्डन के राजा अब्दुल्ला द्वितीय को मेरे भाई कहकर संबोधित किया और उन्हें भी ईद की अग्रिम शुभकामनाएं दीं। जॉर्डन के राजा के साथ भी पीएम मोदी ने पश्चिम एशिया संकट पर चर्चा की और ऊर्जा ठिकानों पर हमलों की निंदा की। इसी तरह पीएम मोदी ने फ्रांस, ओमान और मलयेशिया के राष्ट्र प्रमुखों से बात की।

### पश्चिम एशिया में ऊर्जा ठिकानों पर हमले बढ़े

पश्चिम एशिया संकट का पूरी दुनिया पर व्यापक असर हो रहा है। खासकर इस्राइल के ईरान के दक्षिण पार्स गैस क्षेत्र पर हमले से हालात और बिगड़ गए हैं। इस्राइल के हमले के बाद ईरान ने कुवैत और कतर के गैस और ऊर्जा ठिकानों पर हमले किए। इन हमलों से पूरी दुनिया सहम गई। इसके बाद अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने ऊर्जा ठिकानों को निशाना न बनाने की बात कही और ये भी कहा कि उन्हें ईरान के गैस क्षेत्र पर हमले की जानकारी नहीं थी। कतर के गैस क्षेत्र पर हमले से पूरी दुनिया में गैस की कीमतें बढ़ सकती हैं।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने तीसरे राज्य स्तरीय जल गंगा संवर्धन अभियान का किया शुभारंभ

# पानी की बूंद-बूंद बचाने के लिए सनातन संस्कृति की पवित्र धारा का अभियान है जल गंगा संवर्धन

- गुड़ी पड़वा से गंगा दशहरा तक 139 दिन तक प्रदेश में चलेगा जल गंगा संवर्धन अभियान 3.0



**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जल गंगा संवर्धन अभियान हमारी सनातन संस्कृति की सबसे पवित्र धारा का अभियान है। जल की महत्ता ऐसी है कि इसके बिना कोई जीवित नहीं रह सकता है। शरीर 5 तत्वों से मिलकर बना है। ये सभी तत्व कभी अकेले नहीं रह सकते हैं। पानी के बिना जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुड़ी पड़वा, विक्रम संवत्, चेटीचंड, चैत्र नवरात्रि की बधाई देते हुए प्रदेश में तीसरे चरण के जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश नदियों का मायका है, जहां से 250 से अधिक नदियां निकलती हैं। मां नर्मदा के पवित्र जल से मध्यप्रदेश के साथ गुजरात में भी आनंद की धारा बह रही है। हमारी नदी जोड़ो परियोजनाओं का लाभ पड़ोसी राज्य राजस्थान और उत्तर प्रदेश को भी मिल रहा है। उन्होंने कहा कि जल संचय के अभियान में देशभर के जल स्त्रोतों के विकास कार्य करने का निर्णय लिया गया है। प्रदेश के तीसरे जल गंगा संवर्धन अभियान में 3 महीने तक लगातार जल संचय की गतिविधियां संचालित होंगी, जिसमें 2500 करोड़ की राशि से सभी विधानसभा, नगरीय निकायों और पंचायत स्तर पर जल संवर्धन और संचय के कार्य किए जाएंगे। हमारी सरकार ने पहले वर्ष में 30 दिन, दूसरे वर्ष में 120 दिन चलाया और मौजूदा तीसरे वर्ष में गुड़ी पड़वा से गंगा दशहरा तक 139 दिनों तक प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरुवार को इंदौर के इस्कॉन मंदिर में आयोजित तीसरे राज्य स्तरीय जल गंगा संवर्धन अभियान के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इंदौर में अमृत 2.0 परियोजना में सिंगल क्लिक से 12.72 करोड़ लागत से बिलावली तालाब, 4.89 करोड़ लागत से लिम्बोदी तालाब, 3.82 करोड़ लागत से छोटा सिरपुर तालाब के जीर्णोद्धार कार्यों के भूमि-पूजन सहित 22 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम में जल के अपव्यय को रोकने और एक-एक बूंद संग्रहण के लिए शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि 'जल ही जीवन है, जल है तो कल है' के मूल मंत्र के साथ जागरूकता फैलाना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव धार्मिक और पर्यावरणीय संदेशों से जुड़ी महत्वपूर्ण गतिविधियों में भी शामिल हुए। उन्होंने इस्कॉन मंदिर पहुंचकर विधिवत पूजन-अर्चन किया और गौ माता की पूजा कर उन्हें गौ-ग्रास खिलाया। जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने कहा कि राज्य स्तरीय जल गंगा संवर्धन अभियान की शुरुआत लोकमाता अहिल्या बाई होल्कर की नगरी के इस्कॉन मंदिर से हो रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने तीसरी बार पानी की एक-एक बूंद सहेजने का निर्णय लिया है। इस अभियान में प्रदेश में नदियों, तालाब और नहरों का जीर्णोद्धार किया जाएगा। सांसद श्री शंकर लालवानी ने कहा कि मध्यप्रदेश विकास के क्षेत्र में तेजी से प्रगति कर रहा है। सिंचाई विस्तार की दिशा में प्रदेश देश में अग्रणी स्थान पर है। उन्होंने इंदौर की सराहना करते हुए कहा कि विकास और पर्यावरण-संरक्षण के हर क्षेत्र में इंदौर अग्रणी बनकर उभरा है।

### इंदौर अग्निकांड में बड़ा खुलासा...

# 'हादसे की रात चार्ज पर नहीं लगी थी ईवी कार'

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। बंगाली चौराहे क्षेत्र में हुए भीषण अग्निकांड को लेकर अब नया मोड़ सामने आया है। इस हादसे में बाल-बाल बचे मनोज पुगलिया के बड़े बेटे सौरभ पुगलिया ने कहा कि जिस इलेक्ट्रिक कार को लेकर तरह-तरह की बातें हो रही हैं वह घटना वाली रात चार्जिंग पर लगी ही नहीं थी। बता दें कि अग्निकांड में 8 लोगों की मौत हो गई थी जबकि 4 लोग गंभीर रुप से घायल हैं।**

सौरभ के अनुसार, हादसे के समय ईवी कार का चार्जर कनेक्ट तक नहीं था। उन्होंने कहा कि लोग बिना पूरी जानकारी के अफवाह फैला रहे हैं कि इलेक्ट्रिक कार में आग लगी, जबकि ऐसा कुछ भी नहीं



है। उनका कहना है कि अगर चार्जर जुड़ा ही नहीं था तो शॉर्ट सर्किट या आग लगने का सवाल ही नहीं उठता। सौरभ ने यह भी बताया कि सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में साफ दिख रहा है कि पहले बिजली के खंभे पर धमाका हुआ और वहीं से आग नीचे की ओर फैली। सौरभ ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े किए। सौरभ ने कहा कि ऐसी स्थिति में सबसे पहले इलाके की बिजली सप्लाई बंद करवाई जानी चाहिए थी और साथ ही अवंतिका गैस लाइन को भी तुरंत बंद कराना चाहिए था। लेकिन ऐसा नहीं किया गया और सीधे पानी डालना शुरू कर दिया गया। उन्होंने आशंका जताई कि हो सकता है पानी के कारण करंट फैल गया हो और इससे भी लोगों की जान गई हो क्योंकि घर के अंदर काफी मात्रा में पानी भर गया था। सौरभ पुगलिया ने बताया कि बाद में उन्होंने खुद अधिकारियों से कहकर गैस लाइन बंद करवाई क्योंकि अगर गैस लाइन में आग लग जाती तो पूरी कॉलोनी खतरे में आ सकती थी। उन्होंने कहा की हादसे के लिए इलेक्ट्रिक वाहन जिम्मेदार नहीं है। परिवार रोजाना गाड़ी चार्ज करता है लेकिन उस दिन संयोग से चार्ज नहीं लगाया गया था। इस दर्दनाक हादसे में मनोज पुगलिया, उनकी बहू सिमरन, साले विजय, साले की पत्नी सुमन, बेटी रुचिका और नाती-नातिन कार्तिक, राशि और तनय सहित कुल 8 लोगों की मौत हो गई। वहीं मनोज की पत्नी सुनीता और उनके दोनों बेटे सौरभ व बाबू किसी तरह अपनी जान बचाकर बाहर निकलने में सफल रहे।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इंदौर में अग्नि दुर्घटना में दिवंगत नागरिकों के परिजनों से मुलाकात कर दुख बांटा

## दिवंगत नागरिकों के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर दी उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि, दुर्घटना की एक्सपर्ट द्वारा हर पहलू की करायी जायेगी गहन जाँच

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज इंदौर में जंजीरवाला चौराहा स्थित जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभागृह पहुंचे। यहां उन्होंने इंदौर के बंगाली चौराहा स्थित बृजेश्वरी एनेक्स में गत दिवस हुए अग्नि दुर्घटना में दिवंगत नागरिकों के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी। उन्होंने शोक व्यक्त करते हुए बाबा महांकाल से दिवंगतों की आत्मा की शांति और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने के लिए प्रार्थना की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मृतकों के परिजनों से मुलाकात की और सांत्वना देते हुए दुख बांटा। उन्होंने परिजनों से घटना के संबंध में विस्तृत जानकारी ली और हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।**



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि इस हृदय विदारक दुर्घटना की जानकारी मिलते ही तुरंत अपर मुख्य सचिव श्री अनुपम राजन और विशेष डीजी श्री आदर्श कटियार को घटना स्थल के निरीक्षण के लिए भेजा। उन्होंने कहा कि यह दुर्घटना अत्यंत पीड़ादायक है, हमारी संवेदनाएं सभी शोकाकुल परिजन के साथ हैं।

डॉ. यादव ने कहा कि इस दुर्घटना की एक्सपर्ट द्वारा हर पहलू की गहन एवं व्यवस्थित जाँच करायी जायेगी। ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति नहीं हो, इस दिशा में राज्य सरकार आवश्यक कदम उठायेगी।

इस दौरान जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव,सांसद श्री शंकरलाल लालवानी, विधायकगण श्री महेन्द्र हार्डिया, श्रीमती मालिनी गौड़ और श्री गोलू शुक्ला, श्री सुमित मिश्रा सहित अन्य जनप्रतिनिधि और संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े, पुलिस आयुक्त श्री संतोष कुमार सिंह, कलेक्टर श्री शिवम वर्मा भी मौजूद थे।

# पार्षद का डिस्को डांस, विधायक ने न्योछावर किए नोट



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर में भाजपा के प्रशिक्षण शिविर का समापन एक अलग ही अंदाज में हुआ। जहां एक तरफ कार्यक्रम में पूरे समय अनुशासन और राजनीतिक चर्चा का माहौल रहा, वहीं आखिर में माहौल अचानक बदल गया और समापन फिल्मी गानों पर डांस के साथ हुआ। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो भी सामने आया है।**

वीडियो में भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा और एमआईसी सदस्य मनीष शर्मा फिल्मी गानों पर डांस करते नजर आ रहे हैं। वहीं विधायक गोलू शुक्ला भी दिखाई दे रहे हैं, जो डांस के दौरान पैसे न्योछावर कर रहे हैं। खास बात यह है कि यह वीडियो खुद मनीष शर्मा ने अपने सोशल मीडिया ग्रुप पर शेयर किया। जानकारी के अनुसार 15 और 16 मार्च को बीजेपी ने "पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026" के तहत मंडल प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किया था। यह कार्यक्रम इंदौर के मिष्टी गार्डन में हुआ। इस दौरान कार्यकर्ताओं को संगठन की मजबूती, पार्टी की विचारधारा और राष्ट्र सेवा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। पूरे कार्यक्रम में अनुशासन और गंभीरता का माहौल बना रहा। हालांकि, शिविर खत्म होते ही माहौल पूरी तरह बदल गया। कार्यक्रम के अंत में माहौल हल्का-फुल्का हो गया और सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान नेताओं ने फिल्मी गानों पर डांस करना शुरू कर दिया। नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने वायरल वीडियो को लेकर कहा कि प्रशिक्षण शिविर के समापन पर सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा गया था, जिसमें कार्यकर्ताओं और नेताओं ने हिस्सा लिया। फिलहाल यह वीडियो सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना हुआ है और लोग इस पर अलग-अलग प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं।

कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता अमित चौरसिया ने कहा कि जो तस्वीरें सामने आईं, वो किसी जिम्मेदार राजनीतिक दल की नहीं, बल्कि जश्न में डूबे एक समूह की लगती हैं। एक तरफ भागीरथपुरा की दर्दनाक घटना, जिसमें 35 से अधिक नागरिकों की जान चली गई। शहर अब भी उस सदमे से उबर नहीं पाया है। दूसरी तरफ पुगलिया परिवार पर टूटा कहर, जहां एक ही परिवार में 8 लोगों की मौत हो गई। सबसे विडंबनापूर्ण बात यह है कि ये सब उसी दिन हुआ, जिस दिन भाजपा के प्रशिक्षण शिविर का समापन था। लेकिन भाजपा के नेता क्या कर रहे थे? फिल्मी गानों पर डांस। उसे "सांस्कृतिक कार्यक्रम" का नाम दिया जा रहा है।

# गुड़ी पड़वा पर भिक्षुक पुनर्वास केंद्र में खास कार्यक्रम

## ● कृष्णा गुरुजी संग मनाया नव संवत्सर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। चैत्र नवरात्रि और गुड़ी पड़वा के पावन अवसर पर भिक्षुक पुनर्वास केंद्र में आध्यात्मिक वातावरण के बीच गुड़ी पूजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय आध्यात्मिक गुरु कृष्णा गुरुजी, आत्मा मालिक आश्रम के प्रमुख कबीर महाराज, वार्ड 23 की पार्षद विनीता मौर्य और समाजसेवी एवं सरस्वती शिशु मंदिर के अध्यक्ष अभय देशमुख विशेष रूप से उपस्थित रहे।**



पूजन के बाद सभी अतिथियों ने केंद्र के हितग्राहियों को आशीर्वचन दिए और ध्यान के माध्यम से उन्हें सकारात्मक ऊर्जा से जोड़ने का प्रयास किया। कृष्णा गुरुजी ने अपनी परंपरा को निभाते हुए हितग्राहियों को फल और मिठाइयां वितरित कर नववर्ष की खुशियां साझा कीं। संस्था प्रवेश की प्रमुख रूपाली जैन ने बताया कि किस प्रकार सड़क पर भिक्षा मांगने वाले लोगों को कठिन परिस्थितियों से निकालकर उन्हें आश्रय दिया गया और समाज की मुख्यधारा से जोड़ा गया।

उन्होंने बताया कि 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस परेड में केंद्र के तीन हितग्राहियों को शामिल होने का अवसर मिला, जो संस्था के लिए गर्व का विषय है। इस मौके पर हितग्राहियों द्वारा गाय के गोबर से बनाए गए ध्यान आसन, माला और अन्य इको-फ्रेंडली उत्पादों का प्रदर्शन किया गया। इन उत्पादों को अतिथियों ने सराहा और इसे आत्मनिर्भरता की दिशा में सकारात्मक कदम बताया। भिक्षुकों को सम्मानजनक जीवन देने और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने की यह पहल न केवल सराहनीय है, बल्कि दूसरों के लिए भी प्रेरणादायी उदाहरण बन रही है।

# काले बैग में छिपा रखा था 1 लाख का गांजा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। नशे के खिलाफ जारी कार्रवाई के तहत क्राइम ब्रांच ने एक और बड़ी सफलता हासिल की है। टीम ने 10 किलो 600 ग्राम गांजा के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जो शहर में नशे के आदी लोगों को सप्लाई करता था।**

एडिशनल डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश दंडोतिया के मुताबिक, बुधवार को मुखबिर से सूचना मिलने पर टीम ने लक्ष्मीबाई नगर इलाके में दबिश दी। यहां सीमेंट गोदाम के पास एक टीन शेड के पास टू-व्हीलर पर काले बैग के साथ खड़ा एक संदिग्ध युवक मिला। घेराबंदी कर युवक को रोका गया और पूछताछ में उसने अपना नाम करण केवट निवासी इंदौर बताया। तलाशी लेने पर उसके काले बैग से 10 किलो 600 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ, जिसके बाद उसे मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने कबूला कि वह सस्ते दामों में गांजा खरीदकर शहर में सप्लाई करता था। पुलिस ने उसके पास से गांजा, एक मोबाइल फोन और टू-व्हीलर सहित करीब 2 लाख रुपए से ज्यादा का माल जब्त किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी एक निजी माइनिंग कंपनी में दैनिक वेतन पर काम करता है और उसकी पढ़ाई 9वीं कक्षा तक ही है। फिलहाल क्राइम ब्रांच उससे नेटवर्क और सप्लाई चैन को लेकर पूछताछ कर रही है।

## कटाक्ष



## मनाया गया गुड़ी पड़वा पर्व, नववर्ष की दी शुभकामनाएं

# राजवाड़ा पर जनप्रतिनिधियों ने उगते सूर्य को अर्पित किया जल






@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। राजवाड़ा पर गुरुवार सुबह हिंदू नववर्ष गुड़ी पड़वा के अवसर पर उगते सूर्य को अर्घ्य देकर पूजा की गई। संस्कार भारती, लोक संस्कृति मंच और नगर निगम के तत्वावधान में विक्रम संवत 2083 के शुभारंभ पर यह आयोजन हुआ। कार्यक्रम में "आदि देव नमस्तुभ्यं" सहित वैदिक मंत्रों के उच्चारण के बीच उगते सूर्य को जल अर्पित किया गया। बड़ी संख्या में मौजूद लोगों ने पूजा-अर्चना की।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और संस्कार भारती के ध्येय गीत से हुई। प्राजक्ता दातार और प्रेशियस पाटीदार ने कथक नृत्य प्रस्तुत किया। बृजमोहन बमरीले ने वायलिन वादन किया और रामधुन की प्रस्तुति भी दी गई। इस मौके पर योगेंद्र महंत, पवन शर्मा बाबा, दादू महाराज, रामचंद्र शर्मा वैदिक एवं सांसद शंकर लालवानी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, मंत्री तुलसी सिलावट, विधायक रमेश मेंदोला, विधायक गोलू शुक्ला भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा सहित क्षेत्रीय पार्षद व लोगों ने उगते सूर्य को जल अर्पित किया। निमोली प्रसाद का वितरण किया गया गुड़ धनिया भी बाटा।

5 फीट लंबे डंडे पर पर गुड़ी सजाई गई, जिसमें महाराष्ट्रीयन साड़ी का प्रयोग कर शकरकंठी व नीम की डाल लगाई गई और शीर्ष पर एक लोटा रखा गया। इस अवसर पर कई संतों का



सानिध्य भी प्राप्त हुआ साथ ही संस्कार भारती के पदाधिकारी और लोक संस्कृति मंच के दीपक लंवगड़े, सतीश शर्मा, पवन शर्मा, संकल्प वर्मा, रितेश पाटनी, नितिन तापड़िया सहित कई लोग भी यहां मौजूद रहे।

गुरवार को भाजपा ऑफिस पर आयोजन किया गया। भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, महामंत्री सुधीर कोल्हे, महेश कुकरेजा और कैलाश पिपले ने बताया कि हिंदू नववर्ष वर्ष प्रतिपदा के पावन पर्व के अवसर पर गुरुवार को भाजपा कार्यालय पर पारंपरिक गुड़ी पूजन हुआ। कार्यालय पर पारंपरिक गुड़ी सजाई, उसका विधिवत मंत्रोच्चार के साथ पूजन किया। श्रीखंड का भोग अर्पित करने के साथ ही कार्यकर्ताओं को गुड़-धनिया वितरित किया।

### हेड कांस्टेबल से रहवासी परेशान...

# क्वार्टर के अदंर से खुलेआम अश्लील इशारे



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। सदर बाजार इलाके की पुलिस लाइन में रहने वाले एक हेड कांस्टेबल से इन दिनों रहवासी परेशान हैं। बीजेपी नेता ओर अफसरों के नाम से वह आसपास के लोगों को धमकाता है। पड़ोसियों ने कई बार थाने पर शिकायत करने का मन बनाया, लेकिन पुलिस क्राइम ब्रांच में हेड कांस्टेबल के होने के चलते शिकायत नहीं सुनती। परेशान होकर रहवासियों ने पुलिसकर्मी का वीडियो बनाया। जो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है।**

मामला जूना रिसाला पुलिस लाइन का है। यहां पिछले कुछ माह से एक पुलिसकर्मी जो क्राइम ब्रांच में हेड कांस्टेबल है। वह रहवासियों से विवाद करता है। रहवासियों ने कई बार देर रात इस मामले में एफआरवी 112 पर शिकायत की। आपसी विवाद करने की बात पर सदर बाजार थाने के पुलिसकर्मी भी वापस चले जाते हैं। पिछले एक माह से हेड कांस्टेबल ने अपने ही सरकारी क्वार्टर से अश्लील हरकत करना शुरू कर दी। वह क्वार्टर के अदंर से खुलेआम अश्लील इशारे कर रहा है। अपने घर के बरामदे से प्रायवेट पार्ट दिखा रहा है। आसपास रहने वाली महिलाओं को गंदे इशारे करता है। उसकी इस हरकत को शुरुआत में महिलाओं ने नजर अंदाज कर दिया। कई क्वार्टर में नाबालिग लड़कियों और युवतियों के रहने के चलते परिवार ने हेड कांस्टेबल की इस हरकत का वीडियो बनाया। उसे सोशल मीडिया पर वायरल किया है। जानकारी के मुताबिक पुलिसकर्मी को पहले क्राइम ब्रांच से अवैध गतिविधि के चलते हटा दिया गया था, लेकिन इसके बाद उसने बीजेपी नेता का प्रेशर करवाने के बाद फिर से क्राइम ब्रांच में पोस्टिंग करवा ली। कुछ दिन पहले एमडी ड्रग मामले में भी पुलिसकर्मी पर आरोप लगे थे, लेकिन वरिष्ठ अधिकारियो के दबाव प्रभाव के चलते उसे नही हटाया गया। ]मामले में एडिशनल डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश दंडोतिया को जानकारी दी तो उन्होने कहा कि इंदौर पुलिस में इस तरह की हरकत किसी भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अगर घटना सही है तो उस पुलिसकर्मी को सस्पेंड करते हुए उस पर एफआई कराई जाएगी।

# ऐप डाउनलोड करते ही उड़ गए 8.5 लाख

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। साइबर ठगी का एक और गंभीर मामला सामने आया है। कनाड़िया थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ करीब साढ़े आठ लाख रुपए की ठगी का केस दर्ज किया है। ठगों ने तीन बैंकों के पांच क्रेडिट कार्ड के जरिए रकम अपने खातों में ट्रांसफर कर ली। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।**



पुलिस के मुताबिक, फरियादी रोहित विजयवर्गीय निवासी आस्कर टाउनशिप, बिचौली मर्दाना की शिकायत पर बुधवार को एफआईआर दर्ज की गई। रोहित पेशे से कपड़ा व्यापारी हैं और उनका शोरूम भी है। घटना 13 मार्च की है, जब रोहित के मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को बैंक प्रतिनिधि बताते हुए एचएसबीसी का नया क्रेडिट कार्ड ऑफर किया। पहले से ही पांच क्रेडिट कार्ड इस्तेमाल कर रहे रोहित ने हामी भर दी। इसके बाद ठग ने उन्हें एक लिंक भेजकर एक एप्लिकेशन डाउनलोड करने को कहा। जैसे ही रोहित ने प्ले स्टोर से ऐप डाउनलोड किया, उनका मोबाइल हैक हो गया। ठग ने कुछ समय तक उनके फोन को रिमोटली ऑपरेट किया और फिर कॉल काट दिया। कुछ देर बाद रोहित की पत्नी ने बताया कि फोन पर कॉल नहीं आ रहे हैं, जबकि मोबाइल चालू था। फोन को रीस्टार्ट करने पर कई बैंक मैसेज सामने आए, जिनमें अमेरिकन एक्सप्रेस, एचडीएफसी और एक्सिस बैंक के क्रेडिट कार्ड से करीब साढ़े आठ लाख रुपए निकाले जाने की जानकारी थी। इसके बाद रोहित ने साइबर पुलिस में शिकायत की। जांच के बाद मामला कनाड़िया थाने को सौंपा गया, जहां बुधवार को एफआईआर दर्ज की गई।

### नर्मदापुरम से लापता थी लड़की

# फ्लैट से नाबालिग के साथ पकड़ाया जोयब



**इंदौर**। एमआईजी इलाके में बुधवार रात एक युवक को नाबालिग लड़की के साथ फ्लैट में पकड़े जाने का मामला सामने आया है। स्थानीय लोगों ने युवक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। जांच में पता चला कि लड़की नर्मदापुरम से लापता है, जिसके बाद वहां की पुलिस को सूचना दे दी गई है और टीम इंदौर के लिए रवाना हो चुकी है।

जानकारी के मुताबिक, हिंदूवादी कार्यकर्ता मयंक तोमर को सूचना मिली थी कि एक युवक फर्जी नाम से हिंदू लड़की के साथ फ्लैट में रह रहा है। इसके बाद मयंक अपने साथी अंकित तिवारी के साथ मौके पर पहुंचे और युवक को पकड़ लिया। पूछताछ में युवक ने पहले अपना नाम मनोज बताया, लेकिन बाद में उसने खुद को जोयब खान बताया। उसके मोबाइल की जांच करने पर 8-10 युवतियों के आपत्तिजनक फोटो और वीडियो मिलने का दावा किया गया। इसके बाद उसे एमआईजी थाने ले जाया गया। घटना के बाद रात में थाने पर हंगामे की स्थिति बनी रही और कार्रवाई की मांग की गई। पुलिस द्वारा युवक की जानकारी खंगालने पर सामने आया कि वह नर्मदापुरम से नाबालिग लड़की को लेकर इंदौर आया था। एमआईजी थाना प्रभारी सीबी सिंह के अनुसार, लड़की की गुमशुदगी नर्मदापुरम में दर्ज है, इसलिए संबंधित थाने को सूचना दे दी गई है। युवक के मोबाइल से मिले आपत्तिजनक कंटेंट की जानकारी भी वहां की पुलिस को साझा की गई है। आगे की कार्रवाई नर्मदापुरम पुलिस द्वारा की जाएगी।

### पूजन सामग्री विसर्जन के दौरान महिला की बावड़ी में डूबने से मौत

**इंदौर।** भंवरकुआं थाना क्षेत्र में भुतड़ी अमावस्या के दिन एक दर्दनाक हादसा सामने आया। पूजन सामग्री विसर्जित करने गई महिला की पुराने बावड़ी में डूबने से मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक पालदा निवासी 45 वर्षीय मायाबाई पत्नी राजेश गुरुवार दोपहर खेत पर बनी एक पुरानी बावड़ी पर पूजा के बाद सामग्री विसर्जित करने पहुंची थीं। इसी दौरान अचानक उनका पैर फिसल गया और वे गहरे पानी में जा गिरीं। काफी देर तक घर नहीं लौटने पर परिजनों को चिंता हुई और उन्होंने उनकी तलाश शुरू की। खोजबीन के दौरान महिला के बावड़ी में गिरने की जानकारी मिली। परिजन तत्काल उन्हें निकालकर एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि मृतका के पति होल्कर कॉलेज में कम्प्यूटर ऑपरेटर हैं। परिवार में दो बेटे हैं, जो फिलहाल पढ़ाई कर रहे हैं।

## 130वीं जन्म जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि स्व. पं. कुंजीलाल दुबे तीन बार मध्यप्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष रहे। विधानसभा अध्यक्ष के रूप में उन्होंने हिन्दी भाषा को प्रतिष्ठित स्थान दिलाने में बड़ा योगदान दिया। स्व. पं. दुबे के विधानसभा अध्यक्षीय कार्यकाल की सुदीर्घ सेवाओं और संसदीय परम्पराओं को और भी समृद्ध बनाने में उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरुवार को स्व. पं. कुंजीलाल दुबे की 130वीं जन्म जयंती के अवसर पर मध्यप्रदेश विधानसभा भवन परिसर में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्व. पं. दुबे की समाजोन्मुखी सेवाओं के लिए वर्ष 1964 में इन्हें पद्मभूषण की उपाधि विभूषित किया गया।

## विधायक ने कलेक्टर को बताया नाकारा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**गुना, एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने दो दिन पहले जिस गुना जिला प्रशासन की तारीफ की थी, उसे गुरुवार को गुना विधायक पन्नालाल शाक्य ने 'नकारा' बता दिया। नवसंवत्सर के अवसर पर मानस भवन में आयोजित विक्रमोत्सव कार्यक्रम में कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की मौजूदगी में विधायक ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि अफसर केवल कागजों में काम करते हैं। कार्यक्रम में विधायक मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए थे, जबकि जिला पंचायत सीईओ अभिषेक दुबे और सांसद प्रतिनिधि हरि सिंह यादव भी मौजूद रहे।

## थ्रेसर में फंसा किसान, सिर पिसकर गायब हुआ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रायसेन, एजेंसी।** रायसेन जिले में गुरुवार दोपहर एक किसान की थ्रेसर मशीन में फंसकर मौत हो गई। हादसा इतना भयावह था कि किसान की गर्दन धड़ से अलग हो गई। सिर पिसकर गायब हो गया। सिर्फ धड़ ही बचा। मामला बाड़ी थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, मृतक की पहचान नर्मदा कहार (42) पुत्र छुट्टन कहार के रूप में हुई है, जो बाड़ी के वार्ड नंबर 01 के निवासी थे। हादसे में उनके हाथ भी कट गए। शरीर के अलग-अलग हिस्सों में कटे के निशान हैं। मशीन के अंदर खून के छींटे मिले हैं।

## फायरिंग कर 10 करोड़ की रंगदारी मांगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खरगोन, एजेंसी।** खरगोन जिला में एक व्यापारी के घर पर फायरिंग और 10 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। घटना कसरावद थाना क्षेत्र के भीलगांव में सोमवार रात हुई, जब अज्ञात बदमाशों ने व्यापारी दिलीप राठौर के घर पर गोलियां चलाईं। इस वारदात का लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़ा होना बताया जा रहा है। बता दें कि घटना के समय राठौर का परिवार इंदौर में था, जिससे किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। मामले में व्यापारी के बेटे सत्येंद्र राठौर की शिकायत पर बुधवार को केस दर्ज किया गया है। जिला पुलिस अधीक्षक रवींद्र वर्मा ने बताया कि फायरिंग की घटना की पुष्टि हुई है और पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है। शिकायत के अनुसार, घटना के बाद अज्ञात लोगों ने व्हाट्सऐप कॉल और वॉइस नोट के जरिए धमकियां दीं। आरोपियों ने फायरिंग का वीडियो भेजकर 10 करोड़ रुपये की मांग की और घर उड़ाने की धमकी दी।

### मुख्यमंत्री ने की ब्रह्म ध्वज की स्थापना, नवसंवत्सर पर्व पर सभी के लिए की मंगलकामना

# विक्रमादित्य ने सुशासन के प्रतिमान स्थापित किए

## 2 हजार साल बाद भी उनके आदर्श प्रासंगिक



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आज गुड़ी पड़वा है। संपूर्ण सृष्टि में गुड़ जैसी मिठास फैल गई है। ऐसा इसलिए, क्योंकि हमारी भारतीय संस्कृति में आज से नव संवत्सर एवं नववर्ष का प्रारंभ हो गया है। उन्होंने कहा कि नव संवत्सर सृष्टि के आरंभ दिवस की अमृत बेला को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाने वाला पर्व है। आज से एक नए संवत् और भारतीय नववर्ष का प्रारंभ हो गया है। हमारे यहां संवत् सृष्टि के साथ, प्रकृति के सानिध्य में और शासक के पुरुषार्थ से प्रारंभ होता है। सम्राट विक्रमादित्य ने शकों को परास्त किया। तत्कालीन समाज के अराजक तत्वों और आतताईयों का दमन किया। उन्होंने अपनी संपूर्ण प्रजा को कर्जमुक्त बनाया। सच्चे अर्थों में सामाजिक सद्भाव की नींव रखी। वे लोकतंत्र के महानायक थे। उनके पुरुषार्थ से ही प्रारंभ किया गया विक्रम संवत् आज 2083 वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने सम्राट विक्रमादित्य के ओजस्वी शासन उनके शौर्य, साहस, पराक्रम एवं न्याय के प्रतिमानों को आत्मसात करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का प्रयास किया। हम समाज के हर वर्ग के चहुंमुखी विकास के लिए प्रयासरत हैं। हमने वीर विक्रमादित्य शोधपीठ सहित वैदिक घड़ी की भी स्थापना की है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरुवार को रवीन्द्र भवन में आयोजित विक्रमोत्सव-2026 के अंतर्गत कोटि सूर्य उपासना कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रदेश के सभी नागरिकों को सृष्टि के आरंभ दिवस, गुड़ी पड़वा, चेटी चंड, नववर्ष विक्रम संवत् 2083 के आरंभ, घट स्थापना, नवरात्रि आरंभ, ज्योतिर्विज्ञान दिवस, नवरेह सहित आज देशभर में मनाये जा रहे सभी पर्वों की बधाई और मंगलकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ब्रम्ह ध्वज की स्थापना कर कहा कि यह ध्वज हमें सदैव एकजुट रहकर देश-प्रदेश की सेवा करने की प्रेरणा देता है। विक्रमोत्सव-2026 के आयोजन में निहित भावों और इसकी रूपरेखा पर प्रकाश डालते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सम्राट विक्रमादित्य ने अपनी शासन व्यवस्था से राज व्यवस्था को लोकतांत्रिक व्यवस्था में बदलने का सूत्रपात्र किया। उनका नेतृत्व और राज-काज शैली ऐसी थी, जिसमें बाद के शासकों को जनकल्याणकारी शासन व्यवस्था के लिए प्रेरित किया। आज यदि दो हजार साल बाद भी सम्राट विक्रमादित्य को याद कर रहे हैं, तो इसके पीछे यह भाव परिलक्षित होता है कि भारत राष्ट्र की सरकार और राज्य सरकारें, वीर विक्रमादित्य की शासन व्यवस्था को अंगीकृत करना चाहती हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय समाज स्वस्फूर्त और अनुशासित समाज है। हमने हमेशा जियो और जीने दो सहित सबको लेकर चलने की भावना से जीना सीखा है। सम्राट विक्रमादित्य ने लोकतंत्र को बढ़ावा दिया, इसी से लोकतंत्र के सूत्र हम भारतीयों के शरीर में रक्त की तरह प्रवाहित है और अब यह हमारे अस्तित्व की पहचान भी बन गया है।

# नवरात्र के पहले दिन आंधी-बारिश और ओलों का कहर

### आईएमडी का एमपी के 39 जिलों में ऑरेंज अलर्ट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्य प्रदेश में नवरात्र के पहले दिन मौसम राहत लेकर आया है। दोपहर में अधिकांश इलाकों में बादलों की आवाजाही से तेज गर्मी और चुभन से आराम मिला है। कई इलाकों में दिन के समय बारिश हुई है। बीते 24 घंटों में अनूपपुर, खंडवा एवं बुरहानपुर जिलों में बारिश आंधी और ओले भी गिरे हैं। शुक्रवार को 39 जिलों में बारिश की संभावना है। वहीं अनूपपुर, मंडला और बालाघाट जिलों में ओले गिरने का ऑरेंज अलर्ट दिया गया है। IMDके अनुसार वर्तमान में देश-प्रदेश में मौसम के एक साथ पांच सिस्टम एक्टिव हैं। इस कारण प्रदेश में बारिश-आंधी और ओलो का असर देखने को मिलेगा। 22 मार्च के बाद से एक नया सिस्टम सक्रिय होगा। रिटायर्ड मौसम विज्ञानी डॉ. शैलेंद्र नायक के अनुसार मध्य प्रदेश में वर्तमान समय में



विभिन्न ऊपरी वायु चक्रवाती परिसंचरण एवं द्रोणिका (ट्रफ) के सक्रिय होने से मौसम में बदलाव के संकेत मिल रहे हैं। विशेष रूप से उत्तर मध्य प्रदेश के ऊपर बने सिस्टम का प्रभाव भोपाल सहित आसपास के जिलों में देखने को मिल रहा है। प्रदेश में अगले कुछ दिनों तक मौसम आंशिक रूप से अस्थिर बना रहेगा। दिन के तापमान में वृद्धि के साथ हल्की गर्मी का एहसास होगा, जबकि शाम के समय बादल छाने और कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ हल्की बूंदाबांदी की संभावना बनी हुई है।

## दुश्मनों को फंसाने खुद को मारी गोली

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर, एजेंसी।** पुलिस ने हत्या के प्रयास के एक सनसनीखेज मामले का खुलासा करते हुए बताया कि यह पूरी घटना फर्जी थी। फरियादी ने अपने दुश्मनों को फंसाने के लिए खुद ही अपने ऊपर गोली चलाई थी। पुलिस ने मामले में फरियादी समेत तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। उनके कब्जे से कट्टा व चला हुआ कारतूस बरामद कर लिया है। घटना 4 फरवरी 2026 को बन्हेरी गांव आरोन की है। घटना में पुलिस ने हमलावरों को हत्या के प्रयास के मामले में नामजद कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी, लेकिन जब पुलिस आरोपियों के दरवाजे पर पहुंची तो पता लगा कि कहानी कुछ और है। इसके बाद पुलिस ने फरियादी, उसके दो खास साथी उनके मोबाइल की कॉल डिटेल व लोकेशन पर काम किया। इस जांच में कई सुराग मिले और उनको साथ रखकर तीनों से अलग-अलग पूछताछ की तो खुलासा हुआ कि दुश्मनों को फंसाने खुद को गोली मारी गई थी।

### एससी में हाईकोर्ट का फैसला खारिज

# कांग्रेस के मुकेश मल्होत्रा विजयपुर विधायक बने रहेंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मध्य प्रदेश की विजयपुर विधानसभा सीट को लेकर चल रहे कानूनी विवाद में गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने मुकेश मल्होत्रा की विधायकी को बरकरार रखते हुए एमपी हाईकोर्ट की ग्वालियर बेंच के उस आदेश को खारिज कर दिया है, जिसमें रामनिवास रावत को विधायक घोषित किया गया था।**

सुप्रीम कोर्ट में मुकेश मल्होत्रा का पक्ष रखते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक तन्खा ने दलीलें पेश कीं, जिसके बाद अदालत ने मल्होत्रा को राहत दी। जस्टिस जेबी



पारदीवाला और जस्टिस केवी विश्वनाथन की डबल बेंच ने मुकेश मल्होत्रा को विधायक के रूप में जारी रखने की अनुमति तो दी है, लेकिन अंतिम फैसला आने तक ये पाबंदियां भी लगाई हैंमुकेश मल्होत्रा फिलहाल राज्यसभा के लिए मतदान नहीं कर सकेंगे। ऐसे में अब मुकेश जून में होने वाले राज्यसभा चुनाव के लिए वोट नहीं डाल पाएंगे। जब तक कोर्ट इस मामले में अपना अंतिम निर्णय नहीं सुना देता, तब तक उन्हें विधायक के रूप में मिलने वाला वेतन और भत्ते नहीं दिए जाएंगे। वरिष्ठ वकील विवेक तन्खा ने बताया कि अब इस मामले की अगली सुनवाई 23 जुलाई को होगी।

## संपादकीय

### ईरानी गलियारे से भारतीय जहाजों की घर वापसी की जद्दोजहद

ईरान होर्मुज स्ट्रेट से निकलने की कोशिश कर रहे भारतीय जहाजों के लिए सुरक्षित कॉरिडोर बना रहा है। समुद्री डेटा और इंटेलिजेंस कंपनी लॉयड्स लिस्ट इंटेलिजेंस के मुताबिक ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों के सुरक्षित मार्ग की अनुमति देने के लिए एक इजाजत देने की प्रक्रिया तैयार कर रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय अधिकारी ईरान के साथ सीधी बातचीत कर रहे हैं और कम से कम 22 ऐसे जहाज हैं जिन्हें होर्मुज स्ट्रेट पार कर भारत आना है। इनमें से 20 ऐसे जहाज हैं जो भारत की ऊर्जा सुरक्षा के लिए बहुत ज्यादा महत्वपूर्ण हैं। समुद्री डेटा कंपनी ने बताया है कि 9 जहाज होर्मुज जलडमरूमध्य में ईरान के गलियारे से बाहर निकल चुके हैं। इस बीच द हिंदू की रिपोर्ट में भारत के विश्वसनीय सूत्रों के हवाले से बताया गया कि पश्चिम एशिया में स्थिति लगातार बिगड़ने के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य में दो हफ्ते से ज्यादा समय से फंसे भारतीय जहाजों को फिलहाल ''वहीं रुके रहने'' के लिए कहा गया है। उन्होंने बताया कि दक्षिण पार्स में ईरान के सबसे बड़े गैस क्षेत्रों पर इजरायली हमलों के बाद भारतीय जहाजों और अन्य जहाजों के लिए आगे बढ़ने की प्रक्रिया रोक दी गई है। लॉयड्स लिस्ट इंटेलिजेंस के एडिटर-इन-चीफ रिचर्ड मीड ने द हिंदू को बताया है कि 'ऑटोमैटिक आइडेंटिफिकेशन सिस्टम का डेटा भले ही कम हो लेकिन यह बताता है कि भारत के LPG कैरियर ने ईरान के लारक द्वीप के चारों तरफ और ईरान के समुद्री क्षेत्र से होकर एक असामान्य रास्ता अपनाया है ताकि IRGC नौसेना और बंदरगाह प्राधिकरण जहाज की पहचान की आंखों देखी पुष्टि कर सकें।' LLI ने बताया है कि नौ जहाज ईरान के कथित तौर पर सुरक्षित गलियारे से बाहर निकल चुके हैं और कम से कम एक टैंकर को ईरान को 2 मिलियन डॉलर का भुगतान करने के बाद वहां से गुजरने की अनुमति दी गई। ऐसी संभावना है कि ईरान युद्ध में स्थिति और बिगड़ने के साथ अमेरिका अपने युद्धपोतों को भी इस इलाके में भेज सकता है। दूसरी तरफ द हिंदू की रिपोर्ट के मुताबिक पिछले हफ्ते 12 मार्च को प्रधानमंत्री मोदी ने ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन से टेलीफोन पर बात की थी। इसके बाद 24 जहाजों को होर्मुज स्ट्रेट से बाहर निकलने देने को लेकर बातचीत की प्रक्रिया शुरू हुई थी। ईरान ने अभी तक दो भारतीय जहाजों को होर्मुज स्ट्रेट से निकलने की इजाजत दी है।

*महिला जगत*

# भारत की 5 सफल महिला उद्यमी जिनकी कहानी हर लड़की को जाननी चाहिए

आज की आधुनिक दुनिया में महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही हैं। एक समय था जब बिजनेस और उद्योग को केवल पुरुषों का क्षेत्र माना जाता था। लेकिन आज भारतीय महिलाओं ने इस सोच को पूरी तरह से बदल दिया है। उन्होंने न केवल अपने सपनों को सच किया बल्कि लाखों महिलाओं के लिए प्रेरणा भी बन गईं। राजनीति, मनोरंजन और खेल के साथ ही उद्यमिता के क्षेत्र में भी महिलाओं की भूमिका बढ़ी है। महिला दिवस के अवसर पर आइए जानते हैं भारत की 5 ऐसी सफल महिला उद्यमियों के बारे में, जिनकी कहानी हर लड़की को जरूर जाननी चाहिए। इन पांच महिलाओं की कहानियां केवल बिजनेस की सफलता की कहानी नहीं हैं, बल्कि यह साहस, संघर्ष और आत्मविश्वास की मिसाल भी हैं। आज भारत की महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी क्षमता साबित कर रही हैं।

### फाल्गुनी नायर की सफलता की कहानी



भारत की सबसे चर्चित महिला उद्यमियों में से एक हैं फाल्गुनी नायर। उन्होंने 50 साल की उम्र में अपना स्टार्टअप शुरू किया और आज उनका ब्रांड भारत की सबसे बड़ी ब्यूटी और कॉस्मेटिक ई-कॉमर्स कंपनियों में से एक है। पहले वह एक इन्वेस्टमेंट बैंकर थीं, लेकिन उन्होंने अपने सपने को पूरा करने के लिए नौकरी छोड़कर अपना बिजनेस शुरू किया। आज उनकी कंपनी हजारों लोगों को रोजगार दे रही है और करोड़ों महिलाओं तक पहुंच चुकी है। उनकी कहानी यह साबित करती है कि सपनों को पूरा करने की कोई उम्र नहीं होती।

### किरण मजूमदार शॉ, भारत की बायोटेक क्वीन



किरण मजूमदार-शॉ भारत की सबसे प्रभावशाली बिजनेस लीडर्स में से एक हैं। उन्होंने 1978 में अपने बिजनेस की शुरुआत एक छोटे से गैरेज से की थी। आज बायोकॉन दुनिया की अग्रणी बायोटेक कंपनियों में शामिल है और कई महत्वपूर्ण दवाओं के शोध और निर्माण में योगदान दे रही है। किरण मजूमदार-शॉ की सफलता यह दिखाती है कि दृढ़ निश्चय और मेहनत से असंभव भी संभव हो सकता है।

### वंदना लूथरा, फिटनेस इंडस्ट्री की प्रेरणा

वंदना लूथरा भारत की जानी-मानी उद्यमी हैं और उन्होंने अपने ब्रांड की स्थापना की। यह कंपनी हेल्थ, वेलनेस और ब्यूटी के क्षेत्र में एक बड़ा नाम बन चुकी है। उन्होंने एक छोटे से सेंटर से शुरुआत की थी, लेकिन आज उनका ब्रांड कई देशों में अपने सेंटर चला रही है। उनकी सफलता इस बात का उदाहरण है कि अगर विजन बड़ा हो तो छोटा स्टार्ट भी बड़ी सफलता में बदल सकता है।



### रिचा कर, ई-कॉमर्स की नई सोच



रिचा कर ने भारत में ऑनलाइन लिंजरी मार्केट को नई पहचान दी। उन्होंने अपने ब्रांड की शुरुआत की, जब इस क्षेत्र में खुलकर बात करना भी मुश्किल माना जाता था। उन्होंने सामाजिक झिझक को चुनौती दी और महिलाओं के लिए एक भरोसेमंद ऑनलाइन प्लेटफॉर्म बनाया। उनकी कहानी यह बताती है कि साहस और नई सोच से सामाजिक बदलाव भी लाया जा सकता है।

### उपासना टाकू, फिनटेक दुनिया की मजबूत आवाज

उपासना टाकू भारत की तेजी से बढ़ती फिनटेक कंपनी की को-फाउंडर हैं। उन्होंने डिजिटल पेमेंट के क्षेत्र में बड़ी भूमिका निभाई है और आज उनकी कंपनी करोड़ों भारतीयों के लिए आसान डिजिटल भुगतान का माध्यम बन चुका है। उपासना टाकू की सफलता यह दिखाती है कि तकनीक के क्षेत्र में भी महिलाएँ बड़े बदलाव ला सकती हैं।



New Delhi

दिल्ली-एनसीआर में हो रही है बारिश

# हल्की हवाओं से बढ़ी ठंडक, दिन में भी छाए रहेंगे बादल, रुक-रुक कर बरसेंगे

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** पश्चिमी विक्षोभ के असर से दिल्ली में आज सुबह से ही हल्की बारिश हो रही है। बारिश के साथ थोड़ी हवाओं ने माहौल में ठंडक पैदा कर दी है। दिन में भी रुक-रुक कर बारिश होने की संभावना मौसम विभाग ने जताई है।

**मौसम विभाग ने जारी किया था यलो अलर्ट-** मौसम विभाग ने कल कहा था कि शुक्रवार को भी दिल्ली में पश्चिमी विक्षोभ का असर नजर आएगा। ऐसे में आमतौर पर आसमान में बादल छाए रहेंगे। सुबह के समय गरज चमक के साथ हल्की बारिश या बूंदाबांदी



देखी जा सकती है। इस दौरान हवा की गति 20 से 30 किलोमीटर प्रति घंटा रहने का अनुमान है। कभी-कभी हवा की गति 40 किमी प्रतिघंटा तक पहुंच सकती है। ऐसे में मौसम विभाग ने बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है।

दिल्ली में 21 मार्च को अधिकतम तापमान 29-31 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 14-16 डिग्री सेल्सियस के बीच रहेगा। 22 मार्च से 24 मार्च तक अधिकतम तापमान 30-34 डिग्री सेल्सियस तक रहने की संभावना है, जबकि न्यूनतम तापमान 15-18 डिग्री सेल्सियस के बीच रहेगा। दिल्ली-एनसीआर में पश्चिमी विक्षोभ के असर से दो दिन से रुक-रुक कर होने वाली बारिश से तापमान में छह से सात डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है।

New Delhi

## काला रेनकोट पहनकर आए हमलावर: युवक पर फायरिंग

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** नेबसराय थाने के इलाके में एक युवक को गोली मारने का मामला सामने आया है। राजेश नामक युवक को गोली बाजू में लगते हुए उसके बाद पसलियों में जाकर फंस गई। वारदात की सूचना के बाद पुलिस के आला अधिकारी मौके पर मौके पर डटे रहे और आरोपी की तलाश की। दक्षिण जिले के वरिष्ठ सूत्रों के अनुसार बुधवार की शाम करीब चार बजे दो युवक बाइक पर आए और खानपुर में रहने वाले राजेश को गोली मार दी। बाइक सवार युवकों ने काला हेलमेट और रेनकोट पहना था। राजेश को एम्स के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया। हालांकि, अब राजेश की हालत खतरे से बाहर है।आरोपियों पर केस कर जिले के पुलिस उपायुक्त अनंत मित्तल और अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त ऐश्वर्या सिंह समेत सीनियर पुलिस अधिकारी के निर्देश पर नेबसराय थानाध्यक्ष पारस नाथ, इंस्पेक्टर पवन, की टीम ने जांच शुरू की। घटना के बाद पुलिस टीम ने वारदात के 12 घंटे बाद मुख्य आरोपी प्रवीण को पकड़ लिया। प्रवीण ने पूछताछ में बताया कि राजेश उसके मुहल्ले में रहता है। राजेश ने बताया कि प्रवीण के साथ उसका दो महीने पहले भी झगड़ा हुआ था और एक साल पहले राजेश ने उसे पीटा था।

Uttarpradesh

## इश्क नहीं, ये हैवानियत है! पति ने पत्नी की आंखों में भरा पेट्रोल, फिर 4 घंटे तक दी ऐसी सजा कि कांप उठेगी रूह

**फिरोजाबाद, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद जिले से मानवता को शर्मसार करने वाला एक मामला सामने आया है। जहां एक पति ने अपने ही जीवनसाथी के साथ वह सलूक किया जिसे सुनकर किसी का भी कलेजा कांप जाए। चरित्र पर शक के चलते एक शख्स ने अपनी पत्नी को ना केवल बंधक बनाया, बल्कि उसकी आंखों में पेट्रोल डालकर उसे अधमरा कर दिया।

पीड़िता पूजा की शादी करीब 4 साल पहले एटा निवासी योगेश से हुई थी। पूजा के भाई लवकुश के मुताबिक, योगेश शादी के बाद से ही छोटी-छोटी बातों पर अपनी पत्नी पर शक करता था और उसके साथ मारपीट करता था। लेकिन 15 मार्च की रात जो हुआ, वह हैवानियत की पराकाष्ठा थी। आरोपी योगेश ने पूजा के हाथ-पैर बांध दिए और करीब 4 घंटे तक उसे बेरहमी से पीटा। क्रूरता की हद पार करते हुए पति ने पूजा की आंखों में पेट्रोल डाल दिया, जिससे वह तड़पने लगी। इतना ही नहीं, आरोपी ने जबरन पूजा के सिर के बाल भी काट दिए। आरोप है कि इस दौरान ससुराल के अन्य सदस्य भी मूकदर्शक बने रहे और मानसिक प्रताड़ना देते रहे। वारदात के अगले दिन यानी 16 मार्च की शाम को आरोपी पति, पूजा को मरणासन्न हालत में गांव से दूर गोपालपुर के पास सड़क किनारे फेंककर फरार हो गया। स्थानीय लोगों की नजर जब बेहोश पड़ी महिला पर पड़ी, तब जाकर परिजनों को सूचना दी गई। पूजा को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज और मेडिकल परीक्षण चल रहा है।

इस सनसनीखेज मामले में पुलिस ने कड़ा रुख अपनाया है। पीड़िता के बयान और परिजनों की शिकायत के आधार पर पुलिस ने पति योगेश समेत कुल 7 लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

Uttarpradesh

## मैट्रिमोनियल ऐप, लव वाली फीलिंग और 49 लाख की ठगी... लखनऊ के टीचर से स्कैम की कहानी



**लखनऊ, (एजेंसी)** यूपी की राजधानी लखनऊ में एक सरकारी स्कूल टीचर की मुलाकात मैट्रिमोनियल ऐप पर एक महिला से हुई. महिला ने बातों में फंसाकर पहले टीचर का भरोसा जीता, फिर प्यार का झांसा देकर सीधे 49 लाख रुपये की चपत लगा दी. पुलिस का कहना है कि महिला ने खुद को मुंबई की टेक्सटाइल कारोबारी बताकर टीचर से नजदीकियां बढ़ाई. फिर ठगी का शिकार बना डाला. जानकीपुरम में रहने वाले सरकारी स्कूल टीचर के लिए यह शुरुआत थी- एक ऐसा रिश्ता, जो शायद जिंदगी को नया मोड़ दे सकता था. उम्र के उस पड़ाव पर, जहां अकेलापन धीरे-धीरे हावी होने लगता है, उन्होंने एक मैट्रिमोनियल ऐप पर प्रोफाइल बनाया. उन्हें नहीं पता था कि यह कदम उन्हें प्यार नहीं, बल्कि एक साइबर ट्रैप की तरफ ले जा रहा है. 20 जून 2025 को टीचर का संपर्क मैट्रिमोनियल ऐप के जरिए ईशा देसाई नाम की एक महिला से हुआ. बातचीत की शुरुआत सामान्य थी- नमस्ते, हालचाल, फिर धीरे-धीरे दिनभर की बातें. कुछ ही दिनों में यह औपचारिक बातचीत अपनेपन में बदल गई. महिला ने खुद को मुंबई की एक टेक्सटाइल कारोबारी बताया, आत्मनिर्भर, समझदार और जीवन को लेकर स्पष्ट. शिक्षक को लगा कि उन्हें सही साथी मिल गया है. बातचीत का सिलसिला आगे बढ़ा. गुड मॉर्निंग से लेकर गुड नाइट तक... हर मैसेज में भरोसा जीतने की कोशिश चल रही थी. धीरे-धीरे यह भरोसा फीलिंग्स में बदल गया.

खेल

# भारत को मिली विश्व इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप की मेजबानी

भुवनेश्वर में होगा आयोजन

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** भारत को विश्व इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप की मेजबानी मिली है। इसका आयोजन साल 2028 में भुवनेश्वर में होगा। यह फैसला गुरुवार को पोलैंड के टोरून में हुई विश्व इंडोर एथलेटिक्स काउंसिल की बैठक में लिया गया। विश्व एथलेटिक्स के उपाध्यक्ष आदिल सुमरीवाला ने समाचार एजेंसी पीटीआई को बताया, 'भारत को साल 2028 के लिए विश्व इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप की मेजबानी सौंपी गई है।' एएफआई ने इसी साल की शुरुआत में विश्व इंडोर चैंपियनशिप के लिए अपनी दावेदारी पेश की थी। जनवरी में विश्व एथलेटिक्स की दो-सदस्यीय टीम ने भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम कॉम्प्लेक्स में बनी अत्याधुनिक इंडोर सुविधा का दौरा किया था। केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री मनसुख मंडाविया



ने बताया है कि साल 2028 में होने वाली विश्व एथलेटिक्स इंडोर चैंपियनशिप की मेजबानी भारत करेगा। उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर जानकारी देते हुए बताया कि यह चैंपियनशिप का आयोजन ओडिशा के भुवनेश्वर में किया जाएगा। खेल मंत्री ने ट्वीट करते हुए लिखा, 'पूरी दुनिया भारत आ रही है। यह जानकर बहुत खुशी हुई कि ओडिशा का भुवनेश्वर शहर 2028 वर्ल्ड एथलेटिक्स इंडोर चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत न केवल वैश्विक मंच पर अपने पदकों की संख्या बढ़ा रहा है, बल्कि बड़े अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों की मेजबानी के लिए एक प्रमुख केंद्र के रूप में भी उभर रहा है।'

सिनेमा

## थप्पड़ क्वीन बनीं 'भाभीजी', धुरंधर की पार्टी में रणवीर सिंह को मारा चांटा? फिर लगीं हंसने



रणवीर सिंह स्टारर फिल्म धुरंधर 2 ने रिलीज के साथ भी बॉक्स ऑफिस पर गर्दा उड़ा दिया है. मूवी ने पहले ही दिन 200 करोड़ से ज्यादा का वर्ल्डवाइड कलेक्शन किया है. इसी के साथ रणवीर की फिल्म ने कई बड़े रिकॉर्ड्स को चकनाचूर कर दिया है. धुरंधर 2 की सुनामी बॉक्स ऑफिस पर लंबे समय तक चलने वाली है. बीती रात मुंबई में धुरंधर 2 की सक्सेस पार्टी रखी गई थी. यहां फिल्म की नई पुरानी स्टारकास्ट पहुंची थी. फिल्म में रहमान डकैत की पत्नी उल्फत के रोल में दिखीं सौम्या टंडन भी पार्टी में पहुंची थीं. सौम्या ने इंस्टा पर सक्सेस पार्टी की अनसीन तस्वीरें पोस्ट की हैं. उन्होंने सिंगर्स, एक्टर्स संग फोटोज को शेयर किया है. सौम्या ने रणवीर सिंह के साथ मूवी का थप्पड़ सीन भी क्रिएट किया. फिल्म के सीन में जब रहमान डकैत (अक्षय खन्ना) का जनाजा उठ रहा था, सौम्या ने गुस्से में रणवीर यानी हमजा अली मजारी को जोर का थप्पड़ मारा था. इसी सीन को फिल्म की सक्सेस पार्टी में फिर से क्रिएट किया गया. इससे पहले धुरंधर के पार्ट 1 में सौम्या ने अपने ऑनस्क्रीन पति अक्षय खन्ना उर्फ रहमान डकैत को बेटे की मौत के बाद थप्पड़ मारा था. मूवी से सौम्या के सभी थप्पड़ सीन्स वायरल हुए.

## Highlights

1. **Jaishankar speaks with Israeli Foreign Minister, discusses war repercussions**
2. **PM Modi speaks to Qatar's Amir after attack on world's largest LNG production facility**
3. **Pak panics after US intel chief calls it 'nuclear threat to US', mentions India in statement**
4. **EC reverses transfer of Bengal officers after Mamata's objection**
5. **Called BJP and said I want to be candidate: RG Kar victim's mother**

# Indian Pharma is ready to flex generics muscle as Ozempic, Wegovy patent expires today

**NEW DEIHI, (Agency).** India's pharma industry is ready to flex its generics muscle as the patent for a key ingredient of blockbuster weight-loss drugs expires today.

More than 40 Indian drugmakers are gearing up to launch over 50 brands that'll compete with Ozempic and Wegovy at half the price. The impending supply glut is expected to democratise access in a notoriously price-sensitive market, while raising concerns over regulatory oversight and the potential for widespread drug misuse.

The stakes are immense. India, the world's most populous nation, carries the second-highest diabetic burden globally after China—450 million of us may be obese or overweight by 2050, according to The Lancet. Pharmarack estimates India's obesity drug market will surge from roughly ₹1,500 crore today to ₹8,000 crore by 2030.




Half-Price Ozempic, Wegovy, Mounjaro

India's generic drugmakers—globally renowned for their ability to manufacture low-cost medicines at scale—are preparing to aggressively undercut the market. Analysts project these generics will debut at steep discounts of at least 50% to 60% compared to branded counterparts like Novo Nordisk's Wegovy and Ozempic, or Eli Lilly & Co.'s Mounjaro.

Monthly costs for the lowest dose of semaglutide—the key active pharmaceutical ingredient (API) whose patent is expiring today—are expected to plummet from ~ ₹11,000 to a range of ₹3,000 to ₹5,000 almost immediately. As production scales, prices could eventually bottom out between ₹1,500 and ₹2,500.

This sharp deflation is poised to radically expand the consumer base. "Onboarding of patients from lower economic strata may happen on branded generics," noted Sheetal Sapale, commercial vice president at Pharmarack, told Reuters, though she cautioned that corporate profitability will hinge heavily on maintaining pricing discipline amid the glut.

# Investors scramble to make sense of HDFC chairman Atanu Chakraborty's sudden exit

**NEW DEIHI, (Agency).** Mumbai: Investors were left scratching their heads on Thursday after the abrupt resignation of HDFC Bank chairman Atanu Chakraborty the previous night, while shares of India's largest private sector lender plunged 5%.

Despite the strong words from the exiting chairman, analysts do not expect any material irregularities at the bank, while attention turns to the reappointment of chief executive Sashidhar Jagdishan.

An investor at the bank's



conference call on Thursday morning summed up the exasperation: "So far, whatever I have heard on this call doesn't make me any wiser than I was an hour ago." Late on Wednesday, HDFC Bank released Chakraborty's resignation letter, in which he wrote of "happenings and practices within the bank" that were "not in congruence" with his personal values and ethics.

At the morning call, HDFC Bank executives and board members assured investors that there were no material issues with the bank, insisting the board was not aware of why Chakraborty said what he said. HDFC Bank's interim chairman Keki Mistry, directors Sunita Maheshwari, Lily Vadera, Harsh Kumar Bhanwala, Renu Sud Karnad, and chief executive Jagdishan attended the call.

# दोस्ती कर शादी के लिए बनाया दबाव

## ● होस्टल तक पहुंचा बदमाश, घर में घुसकर परेशान किया

**इंदौर। छात्राओं से छेड़छाड़ के तीन मामले सामने आए हैं। तीनों केस में छात्राओं ने थाने पहुंचकर आरोपियों पर एफआईआर दर्ज कराई है। तीनों मामलों में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।**

आजाद नगर थाना क्षेत्र में एक छात्रा की शिकायत पर पुलिस ने सुजल खटीक के खिलाफ छेड़छाड़ और मारपीट का केस दर्ज किया है। पीड़िता के मुताबिक वह निजी कॉलेज में सेकंड ईयर की छात्रा है और पिछले एक साल से आरोपी को जानती थी। दोनों के बीच दोस्ती थी, लेकिन आरोपी शादी के लिए दबाव बनाने लगा। मना करने पर उसने जान से मारने और परिवार को नुकसान पहुंचाने की धमकियां देना शुरू कर दिया। करीब 10 दिन पहले आरोपी ने मूसाखेड़ी के एक कैफे पर मिलने बुलाया और धमकी दी कि नहीं आने पर घर आकर हंगामा करेगा।



डरी हुई छात्रा वहां पहुंची तो आरोपी ने शादी को लेकर विवाद करते हुए उसके साथ मारपीट की। मौके पर पहुंचे दो युवकों ने बीच-बचाव किया। बाद में आरोपी के परिजनों ने माफी मांगी, लेकिन इसके बावजूद वह लगातार धमकियां देता रहा। परेशान होकर छात्रा ने परिजनों के साथ थाने पहुंचकर एफआईआर दर्ज कराई।

रावजी बाजार थाना क्षेत्र के आलापुरा इलाके में रहने वाली एक कॉलेज छात्रा ने अक्षय उर्फ भैयू पुत्र गुड्डू जोशी के खिलाफ केस दर्ज कराया है। छात्रा ने बताया कि वह अपने नाना के घर रहती है। घटना के दौरान वह घर पर कपड़े धो रही थी, तभी आरोपी घर में घुस आया और उसके साथ अश्लील हरकत की। आरोपी ने उसे शादी के लिए धमकाते हुए कहा कि अगर किसी और के बारे में सोचा तो वह उसकी मां और दोनों बहनों को खत्म कर देगा। डर के कारण छात्रा ने बाद में अपनी मां और नाना को घटना बताई, जिसके बाद पुलिस में शिकायत की गई। फिलहाल पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। भंवरकुआ थाना क्षेत्र में भी एक छात्रा ने कुलदीप पुत्र शंकर सिंह राठौर के खिलाफ केस दर्ज कराया है। पीड़िता के अनुसार आरोपी उसके भाई का दोस्त है और वह उसे पहले से जानती है। आरोपी शादी के लिए दबाव बना रहा था। बुधवार रात वह छात्रा का पीछा करते हुए हॉस्टल तक पहुंच गया और रास्ते में रोककर बात करने की कोशिश की। विरोध करने पर आरोपी ने उसे धमकाया। इसके बाद छात्रा अपनी सहेली के साथ थाने पहुंची और शिकायत दर्ज कराई।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक